आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 19.02.2025
समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- राज्य विधानसभा के बजट सत्र का आज दूसरा दिन, सदन में पक्ष और विपक्ष के बीच हुई नोक–झोंक।
- राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में आज सख्त भू–कानून को मंजूरी मिली, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– यह ऐतिहासिक कदम राज्य के संसाधनों, सांस्कृतिक धरोहर और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करेगा।
- मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने आज अपना पदभार ग्रहण किया।
- अल्मोड़ा और रुद्रप्रयाग में बोर्ड परीक्षा को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी।

**बजट सत्र**

विधानसभा में आज बजट सत्र का दूसरा दिन है। आज सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने शोर शराबा किया। सदन में अभद्र टिप्पणी को लेकर संसदीय कार्य मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल और नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के बीच नोंक– झोंक हुई। इसके बाद सदन में दोनों पक्षों के बीच जमकर बहस हुई। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हस्तक्षेप के बाद दोनों पक्ष शांत हुए।

**भू कानून मंजूरी**

देहरादून में आज हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में सख्त भू–कानून को मंजूरी दे दी गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि प्रदेश की जनता की लंबे समय से उठ रही मांग और उनकी भावनाओं का पूरी तरह सम्मान करते हुए आज कैबिनेट ने सख्त भू–कानून को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक कदम राज्य के संसाधनों, सांस्कृतिक धरोहर और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करेगा। साथ ही प्रदेश की मूल पहचान को बनाए रखने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार जनता के हितों के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से यह स्पष्ट हो जाता है कि राज्य सरकार, अपने राज्य और संस्कृति की रक्षा के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर यह कानून प्रदेश के मूल स्वरूप को बनाए रखने में भी सहायक सिद्ध होगा।

**कांग्रेस/भाजपा**

प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि कांग्रेस, समान नागरिक संहिता– यूसीसी में लिव–इन–रिलेशन प्रावधान का विरोध करते हुए कल विधानसभा का घेराव करेगी और राष्ट्रव्यापी आंदोलन के माध्यम से आम जनता की राय एकत्र करेगी। देहरादून में मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक फॉर्म का प्रारूप तैयार कर इन प्रावधानों पर जनता को जागरूक करते हुए राय मांगेगी। उसे ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा जाएगा। कांग्रेस अध्यक्ष ने आम लोगों से अपील की है कि ऑनलाइन भी अपनी राय साझा करें। इसके लिए कांग्रेस ने एक लिंक भी जारी किया है। उधर, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि यूसीसी प्रदेश मे आम जन और महिलाओं को सुरक्षा देने वाला कानून है और इसे लेकर कांग्रेस कुतर्क कर रही है। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि महिलाओं के साथ फरेव और दूसरे बहाने से कई घटनाएं सामने आई हैं, जिससे उनके पंजीकरण के बाद सुरक्षा कवच पहनाने के लिए यह कानून लाया गया है। इससे संस्कृति को कोई नुकसान नहीं, बल्कि महिलाएं कानूनी रूप से समृद्ध होगी।

## जैव फ्लॉक विधि

कुमाऊं विश्वविद्यालय ने मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जैव फ्लॉक विधि का प्रयोग करते हुए उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। विश्वविद्यालय ने इस तकनीक से 30 किलोग्राम की मछली का सफल उत्पादन करने के साथ ही इसका विक्रय भी सफलतापूर्वक किया है, जो इस क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। जैव फ्लॉक विधि सीमित स्थान में अधिक मछली उत्पादन की क्षमता प्रदान करती है और साथ ही जल की गुणवत्ता बनाए रखने में सहायक होती है। कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर दीवान रावत ने बताया कि इस केंद्र की स्थापना तीन प्रमुख उद्देश्यों को ध्यान में रखकर की गई थी। पहला, विद्यार्थियों को जैव फ्लॉक तकनीक के माध्यम से सतत मत्स्य पालन का प्रशिक्षण देना। दूसरा, नैनीताल की विलुप्त हो चुकी स्थानीय मछली 'स्नो ट्राउट' को पुनर्जीवित करना। तीसरा, उन सभी लोगों को प्रशिक्षित करना, जो आत्मनिर्भरता के लिए इस तकनीक का उपयोग करना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जैव फ्लॉक विधि से उत्पादित मछली की गुणवत्ता उच्च स्तर की पाई गई है और इसे बाजार में अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय भविष्य में इस तकनीक को और अधिक विकसित करने तथा अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए कार्य कर रहा है।

## शेल्टर होम

उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने हरिद्वार में गंगा किनारे व अन्य जगहों से कुष्ठ रोगियों को हटाने के मामले में स्वतः संज्ञान लेने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद सरकार को कुष्ठ रोगियों के लिए शेल्टर होम बनाने का काम तीन माह में पूरा करने को कहा है। मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र और न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। मामले के अनुसार देहरादून के एक एनजीओ ने न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को पत्र भेजा था कि सरकार ने 2018 में गंगा नदी के किनारे व अन्य स्थानों से अतिक्रमण हटाने के दौरान यहां बसे कुष्ठ रोगियों को भी हटा दिया था। अब इनके पास न घर है और ना ही रहने की कोई व्यवस्था है। सरकार की ओर से कहा गया कि कुष्ठ रोगियों के पुनर्वास के लिए शेल्टर होम बनाए जा रहे है। सरकार की ओर से करीब 62 से 63 शेल्टर होम बनाए जाने की बात कही गई है।

## मुख्य निर्वाचन आयुक्त

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने आज नई दिल्ली में अपना पदभार ग्रहण किया। कार्यभार संभालने के बाद अपने संदेश में श्री कुमार ने कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए पहला कदम मतदान है और भारत के प्रत्येक नागरिक को मतदाता बनना चाहिए।

## बोर्ड परीक्षा अल्मोड़ा

21 फरवरी से शुरू होने जा रही उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की बोर्ड की परीक्षा को लेकर, पी.एम श्री राजकीय बालिका इण्टर कालेज अल्मोड़ा में एक बैठक आयोजित की गई। इसमें परीक्षा केंद्र नियंत्रकों, व्यवस्थापकों और प्रधानाचार्यों के साथ ज़िला मुख्य शिक्षा अधिकारी वशिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी शामिल हुए। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड की परीक्षाओं के संचालन के लिए अल्मोड़ा जिले में 110 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। यहां 13 हजार 421 परीक्षार्थी हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड की परीक्षा देंगे। उप परीक्षा नियंत्रक उमेश चंद्र पाण्डे ने बताया कि बैठक के दौरान, प्रश्नपत्र वितरित किए गए और बोर्ड परीक्षा के संचालन को लेकर, आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए।

## बोर्ड परीक्षा रुद्रप्रयाग

रुद्रप्रयाग जिले में भी बोर्ड परीक्षा को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रमेंद्र सिंह बिष्ट ने परीक्षा केंद्र प्रभारियों, पर्यवेक्षक और अन्य विभागीय अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए हैं। जिले में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए 68 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 4 संवेदनशील और 64 सामान्य केंद्र हैं। मुख्य शिक्षा अधिकारी ने बताया कि बोर्ड परीक्षाएं 21 फरवरी से 11 मार्च तक एकल पाली में सुबह 10 बजे से अपराह्न 1 बजे तक होगी। इस वर्ष जिले में हाईस्कूल व इंटरमिडिएट में कुल  हजार 83 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं, जिसमें हाईस्कूल में 3 हजार 486 और इंटरमीडिएट में 3 हजार 597 परीक्षार्थी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के संकलन के लिए राजकीय इंटर कॉलेज, रतूड़ा और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अगस्त्यमुनि को केंद्र बनाया गया है। उन्होंने बताया कि परीक्षा अवधि में किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान के लिए मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है। यहां से सभी 68 केंद्रों की निगरानी की जाएगी।

## प्रयागराज महाकुंभ

उत्तर प्रदेश सरकार और महाकुंभ मेला प्राधिकरण ने ऐसी अफवाहों को खारिज कर दिया है, जिनमें दावा किया जा रहा है कि प्रयागराज में महाकुंभ मेले को 26 फरवरी से आगे बढ़ा दिया गया है। प्रयागराज के जिला मजिस्ट्रेट रवींद्र मांदड ने स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया पर ऐसी अफवाह पूरी तरह निराधार है। महाकुंभ का समापन निर्धारित तिथि 26 फरवरी को होगा। शेष बचे दिनों में पवित्र संगम में आस्था की डुबकी लगाने और श्रद्धालुओं के सुचारू आवागमन के लिए व्यवस्था की जा रही है। जिलाधिकारी रवींद्र मांदड ने बताया कि महाकुंभ मेले का कार्यक्रम शुभ मुहुर्त के अनुसार जारी किया जाता है और यह पहले से तय होता है। श्री मांदड ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें। राज्य सरकार या जिला प्रशासन की ओर से मेले की अवधि बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है। इस बीच, प्रयागराज के अन्य सभी स्टेशनों पर रेलों की आवाजाही जारी है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि बिना पूर्व सूचना के किसी भी रेलवे स्टेशन को बंद नहीं किया गया है।